# वार्षिक प्रतिवेदन
# 2022–23

राजकीय महाविद्यालय आनी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के शुभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि पधारे आदरणीय श्री नरेश वर्मा जी माननीय उपमंडल दंडाधिकारी, आनी का मैं महाविद्यालय स्टाफ, केंद्रीय छात्र संघ, पूर्व छात्र संघ, विद्यार्थियों एवं अभिभावक–शिक्षक संघ की कार्यकारिणी के सदस्यों की ओर से हर्षित मन से हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत करता हूँ। इस शुभ घड़ी पर माननीय मुख्य अतिथि के साथ आए हुए सभी सम्माननीय अतिथियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों, पी.टी.ए. प्रधान एवम् कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों, पत्रकार बंधुओं तथा अन्य सभी अतिथियों का भी ह्रदय की गहराइयों से स्वागत करता हूँ।

## महाविद्यालय का परिचय

सत्र 2022–23 के वार्षिक प्रतिवेदन को प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत हर्ष एवं गौरव की अनुभूति हो रही है। सर्वप्रथम मैं महाविद्यालय का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत करने जा रहा हूं। ग्रामीण पृष्ठभूमि के युवाओं को घर द्वार पर उच्च शिक्षा देने के उद्‌देश्य से राजकीय महाविद्यालय आनी की स्थापना वर्ष 2006 में हुई। आनी उपमंडल मुख्यालय से 6 किलोमीटर दूर हरिपुर नामक स्थान पर स्थापित महाविद्यालय के भव्य भवन की आधारशिला 25 जनवरी 2007 को हिमाचल प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा रखी गई। अगस्त 2012 में यह भवन बनकर तैयार हुआ और महाविद्यालय को आनी से हरिपुर स्थित अपने नये भवन में स्थानांतरित किया गया। वर्ष 2006 में इस महाविद्यालय में केवल बी.ए. की कक्षाओं का संचालन किया गया। सत्र 2014–15 में यहां वाणिज्य और सत्र 2016–17 में बीएससी की कक्षाओं का संचालन आरंभ हुआ। वर्तमान सत्र में बी.ए., बीकॉम तथा बीएससी तीनों संकायों में कुल 809 छात्र–छात्राएं अध्ययनरत हैं।

## महाविद्यालय स्टाफ

**शिक्षक वर्ग–** महाविद्यालय में प्राचार्य के अतिरिक्त प्राध्यापकों के 22 पद स्वीकृत हैं जिनमें से राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अंग्रेजी, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित, कंप्यूटर सांइस, संगीत गायन, अर्थशास्त्र विषयों में कुल 09 पद रिक्त चल रहे हैं। इसके साथ ही महाविद्यालय में प्राचार्य का पद भी रिक्त चल रहा है।

**गैर शिक्षक कर्मचारी–**गैर शिक्षक श्रेणी में इस महाविद्यालय में कुल 23 पद स्वीकृत हैं। जिनमें 15 पद पर गैर शिक्षक कर्मचारी नियमित रूप से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। जबकि वरिष्ठ

सहायक, लाइब्रेरियन, सहायक लाइब्रेरियन, लैब अटेंडेंट, रिस्टोरर, तबला इंस्ट्रकटर, स्टोर कीपर, माली सहित कुल आठ पद रिक्त चल रहे हैं।

### उत्कृष्ट महाविद्यालय योजना

अत्यंत हर्ष का विषय है कि सत्र 2022–23 में उत्कृष्ट महाविद्यालय योजना में राजकीय महाविद्यालय आनी का चयन हुआ है, जिसके अंतर्गत महाविद्यालय को प्रदेश सरकार से 9988890 (निन्यानवे लाख अठ्ठासी हजार आठ सौ नब्बे रूपये) की राशि जारी हुई। इस राशि को निम्नलिखित हैड में व्यय किया जा रहा है :

| Sr. No. | Particulars | Expenditure |
|---|---|---|
| 1. | Minor Work | 25,0000 (PWD) |
| 2. | Aluminium Fabrication Work | 5,7,883 (Khadi Gramodyog) |
| 3. | Cultural Infrastucture Upgradation | 9,45,966 (Khadi Gramodyog) |
| 4. | Sports Upgradation | 9,00000 (HP State Handicraft and Handloom) |
| 5. | Office Upgradation and Smart Classrooms | 32,0000 (HP State Electronic Corporation) |

### अभिभावक–प्राध्यापक संघ

अभिभावक–प्राध्यापक संघ का प्रमुख उद्देश्य शिक्षा में गुणात्मक सुधार करना तथा छात्र हितों की रक्षा करना है। अपने उदयकाल से ही यह संघ महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिक अदा कर रहा है। दिनांक 10 सितंबर, 2022 को प्रातः 11 बजे महाविद्यालय परिसर में अभिभावक–प्राध्यापक संघ की सत्र 2022–23 की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से निम्नलिखित पदाधिकारी एवं सदस्य चुने गए–

1 श्री पप्पू सत्या–प्रधान　　2. श्री तिलक राज–उपप्रधान
3. प्रो. अशोक कुमार– महासचिव　　4. श्रीमती नीलम–सह सचिव
5. श्री कुशलानंद–कोषाध्यक्ष　　6. श्री गुलाब वर्मा–मुख्य सलाहकार

इसके अतिरिक्त संघ की आम सभा में श्रीमती बेला देवी, श्री ठाकुर दास, श्री गुडडू राणा, श्री राम लाल शर्मा, श्री मदन शर्मा तथा प्रो. निर्मल सिंह, प्रों भुवनेश्वर और श्री किशोरी लाल को कार्यकारिणी के सदस्य चुना गया। वर्तमान सत्र  में शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए

राजनीति विज्ञान विभाग में श्री महेंद्र कुमार और संगीत गायन में सुश्री निशा कुमारी की सेवाएं पीटीए के तहत ली जा रही हैं।

## केन्द्रीय छात्र संघ (College Students Central Association)

दिनांक 13 अक्तूबर, 2022 को महाविद्यालय में केंद्रीय छात्र संघ का मेरिट आधार पर मनोनयन किया गया जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारियों का मनोनय हुआ :

**डोना ठाकुर – अध्यक्ष पुष्पराज – उपाध्यक्ष**

**सुरेंद्र कुमार – महासचिव नीतिका – सह सचिव**

इसके अतिरिक्त 24 अन्य छात्रों का मनोनयन कक्षा प्रतिनिधियों, सोसाइटी एवं क्लबों के सदस्यों के रूप में किया गया। सीएससीए के मनोनीत पदाधिकारियों एवं सदस्यों के लिए 19 नवंबर, 2022 को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। 13 दिसंबर, 2022 को महाविद्यालय में सीएससीए का वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## वार्षिक परीक्षा परिणाम

महाविद्यालय में श्रेष्ठ परिणामों की परंपरा रही है जिसका श्रेय महाविद्यालय के सुयोग्य एवं सुप्रशिक्षित शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग को जाता है जो सदैव कॉलेज परिसर में शैक्षणिक वातावरण बनाए रखते हैं। सत्र 2021–22 में महाविद्यालय के तीनों संकायों का वार्षिक परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा है। इस सत्र में बीए प्रथम वर्ष का वार्षिक परीक्षा परिणाम 83.3 प्रतिशत, बीकॉम का 67 प्रतिशत तथा बीएससी का 61.5 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार बीए द्वितीय वर्ष का 73 प्रतिशत, बीकॉम द्वितीय वर्ष का 100 प्रतिशत तथा बीएससी द्वितीय वर्ष का 83 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार बीए तृतीय वर्ष का वार्षिक परीक्षा परिणाम 96 प्रतिशत, बीकॉम तथा बीएससी तृतीय वर्ष का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है जिसका श्रेय महाविद्यालय के प्रतिभावान छात्रों एवं कर्मठ शिक्षकों को जाता है।

गत वर्ष सत्र 2021–22 में बी.ए. प्रथम वर्ष के वार्षिक परिणामों में शबनम शर्मा सुपुत्री श्री प्रेम चंद ने 82.5 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। गायत्री देवी सुपुत्री श्री रमेश कुमार ने 82.3 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा तथा सोनू कुमारी सुपुत्री श्री संजय कुमार ने 79.1 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। बी. कॉम. प्रथम वर्ष में विपाशा देवी सुपुत्री श्री राजकुमार ने 73.6 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। नीतिका सुपुत्री श्री आत्मा राम ने 71.1 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा तथा गौरव ठाकुर सुपुत्र श्री मोहर सिंह ने 68.4 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। बीएससी प्रथम वर्ष में करिशमा ठाकुर सुपुत्री श्री देवेंद्र ठाकुर ने 78.9 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विनीत ठाकुर सुपुत्र श्री मोहर

सिंह ने 71.1 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा तथा रोहित शर्मा सुपुत्र श्री धर्मपाल शर्मा ने 68.4 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

बी.ए. द्वितीय वर्ष में डोना ठाकुर सुपुत्री श्री गुरदयाल सिंह ने 93.6 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बी.ए. द्वितीय वर्ष में ही प्रिया कुमारी सुपुत्री श्री ठाकुर दास ने 91.4 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा तथा साक्षी कश्यप सुपुत्री श्री सुरेश कुमार ने 90.3 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। बी.कॉम. द्वितीय वर्ष में सिमरन सुपुत्री श्री सुभाष ने 88.3 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम तथा मोनिका ठाकुर सुपुत्री श्री भाग चंद ने 88.2 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा तथा मनीषा कुमारी सुपुत्री श्री धर्म सिंह ने 88.1 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। बीएससी द्वितीय वर्ष में पुष्प राज सुपुत्र श्री चेत राम ने 91.9 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम तथा प्रतिभा ठाकुर सुपुत्री श्री दुनी चंद ठाकुर ने 83.9 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा तथा विशाल ठाकुर सुपुत्र श्री बोधराज ने 81.8 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

बीए तृतीय वर्ष में निधि चौहान सुपुत्री श्री कुमार सिंह ने 91.4 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। पूजा सुपुत्री श्री बेली राम ने 88.9 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा तथा नीरज ठाकुर सुपुत्र श्री प्रकाश चंद ने 87.6 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। बी.कॉम तृतीय वर्ष में बबीता ठाकुर सुपुत्री श्री तारा चंद ने 89.9 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम रमन कुमार सुपुत्र श्री श्याम लाल ने 88.8 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा तथा प्रदीप कुमार सुपुत्र श्री बरिया राम ने 87.1 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। बीएससी तृतीय वर्ष में उत्तम राम सुपुत्र श्री शेर सिंह ने 90.9 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंजली कुमारी सुपुत्री श्री रोशन लाल ने 90.3 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा तथा तनुजा मेहता सुपुत्री श्री राजपाल ने 88.6 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## छात्रवृतियां एवं आर्थिक सहायता

शिक्षा सत्र 2021–22 के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार की ओर से कुल 119 छात्रों को विभिन्न छात्रवृतियों के अतंर्गत छात्रवृतियां प्रदान की। जिसका ब्यौरा इस प्रकार है :

| क्र. सं. | वर्ग | छात्र |
|---|---|---|
| 1. | Centrally Sponsored Post Matric Scholarship for SC Students | 80 |
| 2. | Center Sector Scheme of Scholarships for College and University Students | 14 |
| 3. | Dr. Ambedkar Post Matric Scholarship for Economically Backward Class | 15 |

| | | |
|---|---|---|
| 4. | Kalpna Chawla Chatravriti Yojna | 06 |
| 5. | IRDP | 03 |
| 6. | Post Matric Scholarship Schemes for Minorities CS | 01 |
| | Total | 119 |

### महाविद्यालय पत्रिका 'सिराज वाणी'

महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका सिराज वाणी का प्रकाशन प्रतिवर्ष किया जाता है जो भावी लेखकों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। यह पत्रिका छात्रों की छिपी हुई प्रतिभा को निखारने और उनकी रचनात्मकता को पुष्ट करने में सहायक सिद्ध होती है। वर्तमान में प्रो. नरेंद्र पॉल पत्रिका के मुख्य संपादक हैं। पत्रिका के वर्तमान सत्र का अंक प्रकाशनाधीन है।

### पुस्तकालय

महाविद्यालय में पुस्तकालय को समृद्ध और सुलभ बनाने के लिए सार्थक प्रयास किये गये हैं। महाविद्यालय के पुस्तकालय में लगभग 200 छात्रों को बैठने की सुविधा है। वर्तमान में यहां विभिन्न विषयों की लगभग 3000 पुस्तकें विद्यमान हैं। महाविद्यालय में हिंदी और अंग्रेजी के समाचार पत्र नियमित रूप से आते हैं जो छात्रों के ज्ञानवर्द्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### खेलकूद गनिविधियां

वर्तमान सत्र में प्रो. भुवनेश्वर के नेतृत्व में छात्रों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए तथा उनमें खेलों के प्रति रूचि जागृत करने हेतु हर संभव प्रयास किये गए। जिसके परिणामस्वरूप इस सत्र में महाविद्यालय के छात्रों ने अंतर महाविद्यालय की लगभग सभी स्पर्धाओं में भाग लिया जिसमें छात्रों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। इस वर्ष वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन 22 मार्च, 2023 को महाविद्यालय मैदान में किया गया। जिसमें 100 मीटर, 200 मीटर धावन प्रतियोगिताओं का अयोजन किया गया। तत्पश्चात गोला फेंक, डिस्कस थ्रो, भाला फेंक, रस्सा कस्सी आदि प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुईं। इन प्रतियोगिताओं में लितेश ठाकुर सुपुत्र श्री सुभाष चंद को बेस्ट एथलीट मेल तथा मीनाक्षी सुपुत्री श्री गुडडू राम को  बेस्ट एथलीट फीमेल चुना गया।

### आंरतिक गुणवत्ता आकलन प्रकोष्ठ (IQAC)

महाविद्यालय में शैक्षिक, महाविद्यालयी कार्यप्रणाली तथा अन्य गतिविधियों में गुणवत्ता बनाये रखने के लिए आंतरिक गुणवत्ता आकलन प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। इसके द्वारा

शिक्षा–सत्र के दौरान महाविद्यालय में हुई विभिन्न गतिविधियों, विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों की निजी उपलब्धियों तथा इस शैक्षणिक संस्था व सामुदायिक विकास में किए जाने वाले योगदान का अभिलेख रखा जाता है। इस प्रकोष्ठ द्वारा नए शोध को बढावा देने एवं अध्यापन हेतु अभिनव तकनीक अपनाने के उद्‌देश्य से प्राध्यापकों एवं अन्य कर्मचारियों को समय–समय पर सेमिनार, सम्मेलन, कार्यशाला, ओरिएंटेशन प्रोग्राम तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों में हिस्सा लेने हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित किया जाता है। वर्तमान में प्रो. रजनीश ठाकुर इस प्रकोष्ठ के समन्वयक (Coordinator) हैं।

### महिला प्रकोष्ठ

महाविद्यालय में सभी छात्राओं व अन्य महिलाओं को सुरक्षित एवं शैक्षिक वातावरण उपलब्ध करवाने के उद्‌देश्य से महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया है जिसका नेतृत्व डॉ. संगीता नेगी द्वारा किया जा रहा है। इस प्रकोष्ठ द्वारा छात्राओं के समग्र विकास के लिए समय–समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाता है। इसके अंतर्गत इस वर्ष 8 मार्च, 2022 को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर Digitall : Innovation and Technology for Gender Equality थीम के अतंर्गत भाषण, कविता पाठ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

### इको क्लब

महाविद्यालय इको क्लब के प्रभारी प्रो. रजनीश ठाकुर हैं। वर्ष भर में इको क्लब ने विविध प्रकार की गतिविधियों का संचालन किया।

### पूर्व छात्र संघ

महाविद्यालय में पूर्व छात्र संघ का गठन वर्ष 2019 में किया गया। वर्तमान में इसके अध्यक्ष श्री दीवान राजा हैं। पूर्व छात्र संघ द्वारा वर्तमान सत्र में महाविद्यालय में पौधारोपण, करियर गाइडेंस शिविर, रक्तदान शिविर आदि अनेक गतिविधियां आयोजित करने में सराहनीय योगदान रहा है।

### राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC)

छात्रों में देश भक्ति की भावना विकसित करने के उद्‌देश्य से महाविद्यालय में एनसीसी की स्थापना वर्ष 2020 में की गई। वर्तमान में एनसीसी के प्रभारी प्रो. अशोक शर्मा हैं। एनसीसी यूनिट में 106 सीटें पुरूष कैडेट तथा 54 सीटें महिला कैडेट के लिए सृजित हैं। वर्तमान सत्र में 8 एचपी एनसीसी बटालियन रामपुर के सौजन्य से वार्षिक प्रशिक्षण कैंप 26 अक्तूबर, 2022 से 2 नवंबर, 2022 तक दत्तनगर में आयोजित किया गया जिसमें महाविद्यालय के कुल

60 कैडेटस ने सीनियर अंडर आफिसर डोना ठाकुर एवं सुशांत ठाकुर के नेतृत्व में भाग लिया। अंडर ऑफिसर लक्की ठाकुर ने मलॉट, पंजाब में आयोजिज बेसिक लीडरशिप कैंप में भाग लिया जहां आयोजित खो–खो प्रतियोगिता में उक्त छात्र ने गोल्ड मैडल प्राप्त किया। इसके साथ सीनियर अंडर ऑफिसर डोना ठाकुर ने पठानकोट में आयोजित आर्मी अटैचमेंट कैंप में भाग लिया। कैडेट यशवंत एवं राहुल ने धर्मशाला में आयोजित आर्मी अटैचमेंट कैंप में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। कैडेट लीलाधर ने धर्मशाला में आयोजित प्री थल सेना कैंप में तथा प्रीति एवं सुशांत ने आरडीसी सलेक्शन कैंप ऊना में भाग लिया। महाविद्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में 15 कैडेटस रक्तदान किया। इसके अतिरिक्त 26 नवंबर को महाविद्यालय में एनसीसी दिवस भी मनाया गया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)

छात्रों में समाज सेवा, राष्ट्र सेवा, अनुशासन और सहयोग की भावना विकसित करने के उद्देश्य से इस महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की एक यूनिट स्थापित है जिसमें कुल 100 स्वयंसेवक पंजीकृत हैं। महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का नेतृत्व प्रो. निर्मल सिंह कर रहे हैं। इस सत्र में एनएसएस इकाई ने वन महोत्सव, रक्तदान शिविर, स्वच्छता पखवाडा, आजादी का अमृत महोत्सव जैसी गतिविधियों में सराहनीय प्रदर्शन किया। इस सत्र में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 28 दिसंबर 2022 से 03 जनवरी 2023 तक गोद लिए गांव तलूणा में किया गया। इस शिविर में कुल 50 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। शिविर के शैक्षणिक सत्रों में डीएसपी आनी श्री रवींद्र नेगी, तहसील कल्याण अधिकारी आनी श्री सतीश शर्मा, महाविद्यालय में कार्यरत डॉ. संगीता नेगी, प्रो. योजना ठाकुर, प्रो. एलडी ठाकुर तथा ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दीवान राजा ने स्वंयसेवियों को विभिन्न विषयों पर प्रेरक उद्‌बोधन दिये।

## रोवर रेंजर यूनिट

महाविद्यालय में रोवर रेंजर यूनिट का संचालन प्रो. विनोद कुमार तथा डॉ. भावना आजाद के दिशा निर्देशन में किया जा रहा है। वर्तमान में इस यूनिट में 24 रोवर तथा 24 रेंजर पंजीकृत हैं। इस सत्र में रोवर रोहित, राकेश, रवि तथा रेंजर पूजा, पल्लवी, परीक्षा एवं रिंका ने 31 अगस्त से 4 सितंबर 2022 तक रिवालसर में आयोजित हुए निपुण कैंप में भाग लिया। 29 सितंबर से 3 अक्तूबर 2022 तक रिवालसर में आयोजित हुए Pioneering Workshop में रोवर राकेश, राजेश और सोहेल ने भाग लिया। 17 नवंबर से 21 नवबंर 2022 तक रिवालसर में आयोजित हुए प्री आरडीसी कैंप में रोवर सोहेल, राकेश, राजेश, सनम, हर्षित तथा रेंजर परीक्षा, रिंका, पल्लवी, तनीशा और बवली ने भाग लिया। इस कैंप से राकेश, सोहेल, राजेश

सनम पल्लवी और परीक्षा का चयन आरडीसी कैंप शिमला के लिए हुआ। राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड में रोवर सोहेल तथा राकेश ने महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

## Geography Society

महाविद्यालय में संचालित Geography Society के प्रभारी प्रो. धर्मकीर्ति नेगी हैं। इस सोसाइटी के गठन का उद्देश्य भूगोल विषय में करियर और शोध के प्रति छात्रों की समझ को विकसित करना है। सोसाइटी द्वारा 16 सितंबर, 2022 को विश्व ओजोन दिवस के उपलक्ष्य पर अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## Road Safety Club

महाविद्यालय में रोड सेफटी क्लब का गठन प्रो. धनप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में किया गया है। क्लब द्वारा 9 मार्च, 2023 से 16 मार्च, 2023 तक सात दिवसीय सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय में किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय पुलिस थाना आनी के सहयोग से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। पुलिस थाना आनी से सब इंसपेक्टर प्रेम सिंह द्वारा छात्रों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## रेड रिब्बन क्लब

महाविद्यालय में रेड रिब्बन क्लब का संचालन प्रो. योजना ठाकुर के नेतृत्व में हो रहा है। इस वर्ष इस क्लब ने 1 दिसंबर 2022 को एडस दिवस का आयोजन तथा 23 मार्च, 2023 को एडस जागरूकता कार्यक्रम पर अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।

## करियर गाइडेंस सेल

महाविद्यालय में छात्रों को बेहतर करियर विकल्प चुनने के लिए करियर गाइडेंस सेल का गठन प्रो. निर्मल सिंह के नेतृत्व में किया गया है। इस वर्ष सेल द्वारा अनेक करियर काउंसलिंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिनमें तहसील कल्याण अधिकारी आनी श्री सतीश शर्मा, केंद्रीय पुलिस बल के असिस्टेंट कमांडेंट श्री अमरेंद्र कुमार तथा निंबस एकेडमी चंडीगढ के अधिकारियों द्वारा महाविद्यालय के छात्रों के लिए विभिन्न करियर विषय पर व्याख्यान प्रदान किया गये।

## सांस्कृतिक गतिविधियां

महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक समृद्ध परंपरा रही है और पूरे प्रदेश एवं देश में महाविद्यालय के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस सत्र में हिमाचल प्रदेश

विश्वविद्यालय युवा महोत्सव ग्रुप 2 फोक ऑरकेस्ट्रा का आयोजन राजकीय महाविद्यालय नाहन में हुआ जिसमें महाविद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लगातार पांचवी बार प्रथम स्थान प्राप्त किया। संगीत विभाग के सहायक प्रोफेसर अशोक शर्मा के नेतृत्व में ही लगातार चार बार आनी महाविद्यालय ग्रुप 2 का विजेता बन चुका है जो महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। इस सत्र में महाविद्यालय की फोक ऑरकेस्ट्रा टीम ने नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी युवा महोत्सव में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। जम्मू विश्वविद्यालय में संपन्न हुए इंटर यूनिवर्सिटी युवा महोत्सव में महाविद्यालय की टीम ने प्रो. योजना ठाकुर एवं प्रो. अशोक शर्मा के मार्गदर्शन में बेहतर प्रदर्शन करके आनी महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

**अन्य गतिविधयां**

- 12 सितंबर 2022 को सचेत संस्था आनी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने रक्तदान कर समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को व्यक्त किया।
- 14 सितंबर 2022 को महाविद्यालय में हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में छात्रों के लिए भाषण प्रतियोगिता, काव्य पाठ प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में अव्वल रहने वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया।
- 1 अक्तूबर, 2022 को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय में ब्लड बैंक टीम रामपुर ने एक रक्तकदान शिविर का आयोजित किया जिसमें एनसीसी, एनएसएस, रोवर्स रेंजर, महाविद्यालय स्टाफ एवं अन्य छात्रों ने रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर में कुल 30 यूनिट ब्लड एकत्रित किया गया।
- 26 नवंबर 2022 को महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया जिसमें समस्त छात्रों को संविधान प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई।

**शिक्षकों की व्यक्गित उपलब्धियां**

- Dr. Sangeeta Negi Assistant Professor of English, Completed two week Refresher Course in English from 2nd To 16th January, 2023 with A+ Grade organized by Teching Learing Center Ramanujan College, University of Delhi.

- Dr. Sangeeta Negi also completed two week Inter Disciplinary Referesher Course in Advanced Research Methodlogoy from 21st June to 5th July 2022 with A+ Grade organized by Teching Learing Center Ramnujan College, University of Delhi in colobration with Newman College.
- Dr. Sangeeta Negi attended Three Days International Virtual workshop on thesis writing and publication by Lavender Literary Club, India and Cape comorin trust from 23rd – 25th of March, 2023.
- Prof. Dharam Kirti Negi Assistant Professor of Geography presented a paper titled "Population Pressure and land degradation: A case study of District Kinnaur" in National Seminar organised by Dept. of Commerce HPU Shimla.
- Prof. Dharam Kirti Negi presented a paper titled "Population Pressure in Kinnaur District : A case study of Moorang Tehsil" in National Seminar organised by Dept. of Botany and Zoology GDC Bhoranj, Hamirpur.
- Prof. Dharm Kirti Negi also Completed an Online Two week Refersher course in Geography from 6th to 20th March 2023 from Ramanujan College, University of Delhi.
- Dr. Rajneesh Kumar Assistant Professor of Economics Completed his Ph.D. in Economics.
- Prof. Yojana Thakur Assistant Professor of Zoology published a Review Paper titled "Differential Distribution of macro-invertebrates associated with water quality" published in the Willey's journal "Worlds Water Policy."
- Prof. Yojana Thakur Completed Professional Development Programme organized by IGNOU-Staff Training and research institute of Distance Education on 'Implementation of NEP-2020

for University and college teachers held from 7th -15th October, 2022

- Prof. Yojana Thakur Completed Refresher Course on Bioscience from UGC-HRDC, HPU w.e.f. 06th to 18th of March, 2023
- Prof. Yojana Thakur Presented a paper titled "Use of digital technology in estimating distribution of macroinvertebrates community in streams of Shimla Hills" in National Seminar on Digital India : Concept and Implications on dated 23rd -24th December 2023.
- Prof. Yojana Thakur presented a paper titled "Macroinvertebrates : A biological tool to assess the stream Ecosystem" in National Conference organized by Dept. of Bioscience HPU Shimla.
- Prof. Yojana Thakur presented a paper titled "Macroinvertebrates influencing the stream ecology : A contemporarty case study of Tehsil, Rampur Bsr" in National Seminar organized by Dept. of Commerce HPU Shimla.
- Prof. Yojana Thakur presented a paper titled "Understanding the Dynamics of Macro-invertebrates in waters of Shimla Hills" in International Conference organised by RKMV Shimla.
- Prof. Yojana Thakur completed One week Online National Faculty Development Programme on "Cancer Awarness" jointly organized by Khalsa College, University of Delhi.
- Prof. Vinod Kumar Assistant Professor of History completed a Professional Development Programe on Implementation of NEP 2020 for University and College Teachers.
- Dr. Bhawna Azad Assistant Professor of Comerce Completed her Ph.D. in Commerce.
- Dr. Bhawna Azad Assistatn Professor of Commerce completed orientation programme for Faculty in University/Colleges/Institutes of Higher Education from 20th April

– 19th May, 2022 organized by Ramanujan College Uinversity of Delhi.

- Prof. Dhan Prakash Sharma Assistant Professor of Commerce has published his Research Papers titled "Saving and Investment pattern of women investors in Himachal Pradesh" and "A study of saving and investment pattern of apple producers with special reference to Distt. Kullu Himachal Pradesh" in International Journal of Commerce and Management Research.
- प्रो. निर्मल सिंह सहायक प्रोफेसर हिंदी ने रूपी सिराज कला मंच कुल्लू द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमीनार में **''कुल्लू जनपद के बाह्य सराज क्षेत्र के लोक साहित्य में पूजित देवी–देवता''** विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- प्रो. निर्मल सिंह ने राजकीय महाविद्यालय संजौली द्वारा Digital India : Concept and Implications विषय पर आयोजित एक नेशनल सेमीनार में **''वर्तमान शिक्षा पद्धति में सोशल मीडिया की भूमिका''** विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- राजकीय महाविद्यालय संजौली और भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित एक नेशनल सेमिनार में प्रो. निर्मल सिंह ने **''समकालीन परिप्रेक्ष्य में लोक साहित्य की उपादेयता''** विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- प्रो. अशोक कुमार ने रूपी सिराज कला मंच कुल्लू द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमीनार में **''कुल्लू जनपद के बाह्य सिराज क्षेत्र का शिवरात्रि पर्व एवं जत्ती गायन पद्धति''** विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- प्रो. अशोक कुमार ने राजकीय महाविद्यालय बासा गोहर में आयोजित नेशनल सेमिनार में "Role of Media in Promoting Traditional and Folk Music" विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।

**आभार**


- मैं अपने व समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से समारोह के मुख्य–अतिथि का हार्दिक धन्यवाद करता हूं कि आपने अपनी गरिमामयी उपस्थिति द्वारा इस समारोह की शोभा को बढ़ाया।
- पीटीए के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी के समस्त सदस्यों के प्रति मैं हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करता हूं जिन्होंने यथासमय महाविद्यालय को सुचारू रूप से चलाने में योगदान दिया है।

- महाविद्यालय की प्रत्येक गतिविधि को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों, गैर–शिक्षक कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों का योगदान सराहनीय रहा है, मै आप सभी का भी धन्यवाद करता हूं।
- मै लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूं जिन्होंने समय–समय पर महाविद्यालय की विकासात्मक गतिविधियों के बारे में लोगों तक जानकारी पहुंचाई। इसी कारण हमारा महाविद्यालय प्रदेश के महत्वपूर्ण महाविद्यालयों की पंक्ति में खड़ा होने के लिए प्रयासरत है।
- मैं समस्त उपस्थित अतिथिगणों का भी आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने यहां पधार कर इस समारोह की शोभा को बढ़ाया।
- इसके अतिरिक्त जिन महानुभावों एवं संस्थाओं का सहयोग प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से महाविद्यालय को समय–समय पर मिलता रहा है उन सबका भी मैं हार्दिक धन्यवाद करता हूं।

जय हिंद। जय भारत।

दिनांक : 28 मार्च, 2023 स्थान : हरिपुर, आनी